CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:37 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:32 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 120 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 30 अक्टूबर 2024

विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन को दी ...पेज-3 पर

# भव्य मंदिर में रामलला के दीपोत्सव में झूम उठी रामनगरी

**अयोध्या**

**एजेंसी**

झांकियों के साथ शोभायात्रा में पूरी नगरी राममय दिखी। इन्हें देखकर त्रेतायुग में राम राज्याभिषेक के जैसा अहसास होगा। अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा के अनूठे संगम के नयनाभिराम दृश्यों का साक्षी देश और दुनिया बनेगी। यूपी के अयोध्या में रामलला के नव्य और भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव बेहद खास होगा। बुधवार को यहां उत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। हर तरफ उल्लास छाया है। रामायण कालीन प्रसंगों की झांकिया लोगों



का मन मोह रही हैं। शोभायात्रा में शामिल झांकियां नगर भ्रमण कर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हैं। जगह-जगह श्रद्धालु झूम रहे हैं। पूरी नगरी को भव्य तरीके से सजाया गया है। मन मोह लेने वाले दृश्यों की एक झलक पाने को हर कोई आतुर दिखाई पड़ रहा है। अयोध्यावासी रामलला के आगमन की खुशी से सराबोर है। 25 लाख दीपों के एक साथ जलने का कीर्तिमान बनने से पहले ही सुबह नौ बजे यहां मेगा शो शुरू हो गया। इस दौरान अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम दिखा। इन नयनाभिराम दृश्यों का साक्षी देश और दुनिया बनेगी। इससे पहले इसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। यहां छोटी दिवाली पर त्रेतायुग जैसा माहौल दिखा। रामनगरी का माहौल राममय दिखा। दोपहर करीब 2.20 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचेंगे। सीएम यहां भगवान राम समेत चारों भाइयों को तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। राम राज्याभिषेक की झांकी साकेत महाविद्यालय से निकलनी है। परिसर में झांकी निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। कुल 49 मूर्तियां और 19 रथ तैयार किए जा रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को झांकी की तैयारियां परखी गईं। राम राज्याभिषेक के 48 घंटे पहले साकेत महाविद्यालय से जयश्रीराम के उद्घोष के साथ ट्रक पर निर्मित रथ पर सवार होकर झांकियां निकली, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। झांकी में सीताराम विवाह, धनुष यज्ञ, केवट संवाद, लंका से वापसी, राम दरबार, खरदूषण वध, किष्किंधा व अशोक वाटिका के दृश्य को दर्शाया गया।

## News कॉर्नर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों के साथ बातचीत करने और बहादुर भारतीय सेना अधिकारी मेजर रालेंगनाओ बॉब खातिंग को समर्पित एक संग्रहालय के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। पड़ोसी देश चीन के साथ पिछले दिनों पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सालों से चला आ रहा विवाद सुलझ गया है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के सीमाई इलाके तवांग में दिवाली मनाने का फैसला किया है। इसके लिए वे अरुणाचल प्रदेश के तवांग के लिए रवाना हो गए हैं।

### सांसद भट्ट ने दी धनतेरस दीपावली गोवर्धन पूजा और भैयादूज की शुभकामनाएं



**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने देशवासियों को धनतेरस दीपावली गोवर्धन पूजा और भैयादूज की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। भट्ट ने कहा कि दीपावली प्रकाश पर्व हम सब के जीवन के लिए बेहद पावन पर्व है इसके साथ ही त्यौहार की शुरुआत धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरि की पूजा से शुरू होती है और श्री भट्ट ने कहा कि देशवासियों पर मां लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश अपना आशीर्वाद बनाए रखें और हम सभी के जीवन में सुख समृद्धि एवं शांति एवं आरोग्यता का संचार हो श्री भट्ट ने पुन: देशवासियो को दीपावली धनतेरस भैया दूज और गोवर्धन पूजा की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

घायलों को बस से बाहर निकाला

# पुलिस के जवानों से भरी बस पलटी, 30 घायल, चार हुए गंभीर

**बिहार**

**एजेंसी**

बिहार पुलिस के जवानों से भरी बस बलिया में सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक बस पलटने से 29 लोग तो दूसरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर एक घायल हुआ। सभी को इलाज के लिए आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बैरिया- छपरा के बीच मंगलवार की आधी रात को चांददियर पुलिस चौकी के पास बिहार स्पेशल आर्म्स पुलिस 18वीं बटालियन के जवानों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 30 के करीब जवान घायल हो गए। बस में फंसे जवानों की चीख-पुकार सुनकर पुलिस चौकी पर तैनात जवान दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को बस से बाहर निकाला। उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराकर सभी घायलों को इलाज के लिए सोनबरसा सीएचसी भिजवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



चार घायलों को जिला अस्पताल से वाराणसी रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। एसपी विक्रांत वीर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के इलाज की व्यवस्था कराई।

बिहार के डुमरांव की फोर्स डेहरी रोहतास जिले में तैनात थी। छठ पर्व पर 81 जवानों की ड्यूटी सिवान में लगी। मंगलवार की दोपहर दो प्राइवेट बसों में सवार होकर 81 जवान सिवान के लिए रवाना हुए। एक बस में 46 लोग सवार थे, जिसमें दो होमगार्ड सिवान के व चालक, परिचालक शामिल थे। रात 12.30 बजे जवानों से भरी बस चंददीयर पुलिस चौकी व पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे खेत में गिर गई। रात में गहरी नींद में सोए जवान अचानक बस पलटने से चीखने- चिल्लाने लगे। कुछ जवान शीशा तोड़कर बाहर निकल गए। आवाज सुनकर पास के चौकी पर तैनात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे।

# घर में घुस महिलाओं पर तेंदुए ने किया हमला, तीन घायल

**पिथौरागढ़**

**हमारे संवाददाता**

पिथौरागढ़ के ग्राम सभा सलकोट में बुधवार सुबह एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन महिलाओं को घायल कर दिया। महिलाओं का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पिथौरागढ़ के ग्राम सभा सलकोट में बुधवार सुबह एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन महिलाओं को घायल कर दिया। महिलाओं का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 5:00 बजे तेंदुआ एक घर में घुस गया। तेंदुए के हमले में पदमा देवी (50) पत्नी कृष्णा राम, कस्तूरा देवी (40) पत्नी जीवन लाल और मीना देवी (30) पत्नी फकीर राम पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। महिलाओं की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके के पहुंचे और लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। तीनों महिलाओं को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में भर्ती किया गया है। सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरेंद्र बोहरा ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डीएफओ से वार्ता कर मुआवजा देने की मांग की। तेंदुए के हमले की सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची। इस घटना से ग्रामीण डरे हुए हैं।



# अनुपस्थित शिक्षकों और चिकित्सकों की सेवा समाप्त करने के निर्देश

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अनुपस्थित शिक्षकों और चिकित्सकों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

डीएम कार्यालय में आयोजित एक बैठक में उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 30 नवंबर तक सभी पदों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है।इसके अतिरिक्त, मंत्री ने जिले को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए डीएम के प्रयासों की सराहना



की और कहा कि इसके लिए बनाई गई कार्ययोजना को कैबिनेट में लाया जायेगा।बैठक में शिक्षा महानिदेशक झरना कमठान, अपर शिक्षा निदेशक मुकुल सती, स्वास्थ्य महानिदेशक डा. तारा आर्य, सीडीओ अभिनव शाह और सीईओ देहरादून प्रदीप रावत समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सलमान खान को फिर मिली धमकी, दो करोड़ रुपये की भी की गई मांग



**मुंबई**

**एजेंसी**

इससे पहले भी मुंबई पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन डेस्क को सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इस मामले में पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले ने उनसे दो करोड़ रुपये की भी मांग की है। मुंबई पुलिस ने बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मंगलवार को एक संदेश मिला, जिसमे कहा गया कि अगर अभिनेता ने दो करोड़ रुपये नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

### इससे पहले भी मिल चुकी है जान से मारने की धमकी

इससे पहले भी मुंबई पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन डेस्क को सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इस मामले में पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। मैसेज भेजने वाले ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा था कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में लेने की गलती न करें। मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा। सलमान खान और दिवंगत राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सोमवार को नोएडा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। गैंग के संदिग्ध सदस्यों ने इस साल अप्रैल में अभिनेता के बांद्रा वाले आवास के बाहर गोलीबारी भी की थी। कुछ महीने पहले ही नवी मुंबई पुलिस ने बिश्नोई गैंग द्वारा सलमान खान को जान से मारने की साजिश का पर्दाफाश किया, जिसके बाद ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई।

# धनतेरस पर नगर छोटे-बड़े बाजारों में जमकर हुई धनवर्षा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में मंगलवार को धनतेरस पर नगर के सभी छोटे बड़े बाजारों में काफी भीड़ नजर आयी। सुबह से ही बाजारों में लोगों की खरीददारी के लिए भीड़ लगना शुरु हो गयी थी जो देर रात तक जार रही। अधिकतर बर्तन, सर्राफा तथा इलेक्ट्रानिक की दुकानों पर जाकर लोगों ने जमकर खरीदारी की।

घर की साज-सज्जा के लिए भी लोगों ने सामान की खरीददारी की। त्यौहार बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़ को देखकर व्यापारी काफ ी खुश नजर आए। बाजार में ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए इस बार भी धनतेरस पर अच्छा कारोबार रहा। बता दें कि धनतेरस पर खरीदारी करना काफ ी शुभ माना जाता है। इसके चलते मंगलवार को शहर के सभी बाजारों में सुबह से ही लोग खरीददारी करने पहुँचे। दोपहर के बाद बाजार में काफी भीड़ भाड देखने को मिली। खासकर बर्तन बाजार में सुबह से से ही लोगों ने खरीदारी की। यहां पर दुकानदारों ने चम्मच से लेकर रोजाना प्रयोग में आने वाले बर्तन, डिनर सेट तथा कुकर आदि की काफ ी अच्छी रेंज मंगा रखी, ऐसे में लोगों ने अपनी-अपनी जरूरत के हिसाब से बर्तन बाजार में कुछ न कुछ खरीदा। इसके साथ ही सर्राफ ा बाजार में भी पूरे दिन रौनक रही। अधिकतर लोगों ने लक्ष्मी गणेश जी के चांदी के सिक्के, मूर्तियां तथा सोने के सिक्के व ज्वैलरी आदि की खरिद्दारी की, लोगों ने अपने बजट के हिसाब से सर्राफ ा बजार में जाकर खरीदारी की। इसी तरह इलेक्ट्रानिक की दुकानों पर भी लोग कुछ न कुछ खरीदते नजर आए। एलईडी, टीवी तथा फ्रिज व वाशिंग मशीन की काफ ी डिमांड रही। इसी तरह दीपावली पर घरों की साज-सज्जा तथा कैलंडर, पोस्टर तथा रेडिमेड रंगोली तथा मूर्तियां समेत गिफ्ट पैक के अलावा मिठाई की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही।







बर्तन विक्रेता आलोक शाह ने बताया कि लोग स्टील और तांबे के बर्तन अधिक खरीद रहे हैं, उनके पास 100 रुपए से लेकर 8000 रुपए से भी अधिक के बर्तन खरीदने आ रहे हैं। मिट्टी के दिये विक्रेता नीरज कुमारी ने बताया की बाजार मे रौनक होने से काम अच्छा है, लोग सामान्य दिये से अधिक एपण से सजाये गए दिये पसंद कर रहे हैं। सर्राफ ा व्यापारी सुधीर वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर काम काफ ी अच्छा रहा. अधिकतर लोग सोने व चांदी की अंगूठी के साथ चेन अधिक ले रहे हैं, उनके पास 1700 रुपए से 48000 रुपए तक की चांदी की लक्ष्मी और गणेश की मूर्ति भी लोग खरीद रहे हैं। इलेट्रॉनिक व्यापारी जगजीत सिंह ने बताया की लोग एईडी टीवी, म्युजिक सिस्टम तथा मोबाइल फोन अधिक ले रहे हैं, उनके पास 5000 रुपए से 75000 रूपए के म्युजिक सिस्टम है स इसके साथ ही लोग 15000 रुपए तक के मोबाइल फ ोन ले रहे है। दूसरी ओर तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन शाह ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा बाजार का काम धीमा रहा शाम तक कारोबार अच्छा रहा। मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के मुताबिक नैनीताल की बाजार में धनतेरस पर शाम तक पांच करोड़ से अधिक के कारोबार की संभावना जतायी जा रही है।




# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटक नगरी नैनीताल में राष्ट्रीय एकता दिवस को लेकर पुलिस विभाग की ओर से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस बीच पुलिसकर्मियों को देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। मंगलवार को पुलिस लाइन में एसपी हरबंश सिंह ने पुलिसकर्मियों को देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। इस बीच उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाए देते हुए लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने रन फॉर यूनिटी थीम पर तल्लीताल डांठ से मल्लीताल पंत पार्क से वापस डांठ तक दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 80 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। वहीं दोपहर में पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता का संदेश देते हुए मालरोड में रैली निकाली। इस दौरान सीओ नैनीताल प्रमोद कुमार साह, सीओ भवाली सुमित पांडेय, प्रतिसार निरीक्षक भगवत सिंह राणा मल्लीताल कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह, तलिताल थाना अध्यक्ष रमेश बोहरा,एस आई पी मेहरा, भावना बिष्ट ,चीता मोबाइल अमित गहलोत,समेत तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों में सर्व साधारण की जानकारी हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचा राम चौहान ने अवगत कराया कि 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 तक जनपद की 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों में सर्व साधारण की जानकारी हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

बताया कि 09 व 10 नवंबर 2024 और दिनांक 23 व 24 नवंबर 2024 को विशेष अभियान के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थल पर उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में ऐसे भारतीय नागरिक जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे और इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल 01 जुलाई व 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नवयुवक व नवयुक्तियां प्रारूप 06 भर सकते हैं। ये सभी फॉर्म बीएलओ के पास निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त प्रारूप 6ए/ 6;क/ 6;ख तथा 7 व 8 बीएलओ, तहसील कार्यालय व जिला निर्वाचन कार्यालय नैनीताल से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यह सभी प्रारूप विभागीय वेबसाइट तथा प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध हैं के माध्यम से प्रारूप डाउनलोड करके या ऑनलाइन माध्यम से आवेदन भी कर सकते हैं। अपना दावा मतदेय स्थल पर जाकर अपने बीएलओ को दिनांक 28 नवंबर 2024 से पूर्व अवश्य जमा कर दें। कहा कि जनपद नैनीताल के समस्त मतदाता विशेष रूप से नव युवक व युवतियां समेत महिलाएं व जनप्रतिनिधि मतदाता सूची का निरीक्षण कर अपना व अपने परिवार के अर्ह सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवा लें। कहा कि शिकायत व सुझाव हेतु टोल फ्री नंबर 05942-1950 का भी उपयोग किया जा सकता है।

## NEWS / फटाफट

### सामाजिक कार्यकर्ता ने खुलवाए जीरो बैलेंस खाते



**हल्द्वानी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज राजेन्द्र नगर में सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू के कार्यालय में जीरो बैलेंस के खाते खोले गये। कैम्प में बच्चों व बुजुर्गों समेत हर वर्ग को लाभ मिला। सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू व प्रीति आर्या ने बताया इस दौरान 107 लोगों के खाते खोले गये। जिससे लोगों बैंकों में होने भारी भीड़ की असुविधा बचाया गया। सहायक प्रबंधक आशु बाल्मीकि ने बताया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया समय समय पर ऐसे आयोजन करती रहती है जिससे गरीब जनता को आसानी से सुविधा प्रदान की जा सके। सहायक प्रबंधक हिमांशु जोशी मयंक अग्रवाल समाजसेवी विपिन गुप्ता मलय बिष्ट संगीता माहेश्वरी नवल आर्या दीपक आर्या मन्नू अग्रवाल समेत तमाम लोग थे।

### उच्च शिक्षा को छात्र संघर्ष में धकेलने का आरोप लगाया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कार्य परिषद सदस्य एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डॉ. सुरेश डालाकोटी ने उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत को पूरे उत्तराखंड की उच्च शिक्षा को छात्र संघर्ष में धकेलने का आरोप लगाया है। डा.डालाकोटी ने कहा कि विगत कई हफ्तों से छात्र छात्र संघ चुनावों की मांग पर अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर सडकों पर हैं । उच्च शिक्षा मंत्री केवल अपनी जिद के खातिर उन्हें आत्म दाह और आमरण अनशन पर बैठने पर विवश कर रहे हैं। डा.डालाकोटी के मुताबिक वह भाजपा के लोकतंत्र को खत्म करने के देशव्यापी एजेंडे को शिक्षा संस्थाओं में भी थोपना चाह रहे हैं जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि डा. धन सिंह रावत खुद छात्र राजनीति से जुड़े रहे और कुमाऊं विश्वविद्यालय में वर्ष 2008 में तोड़फोड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पूरी तरह से लिप्त थे ऐसे में उनसे शिक्षा संस्थाओं में सुचिता और उत्कृष्टता की उम्मीद करना बेइमानी है। डालाकोटी ने उच्च शिक्षा मंत्री को आगाह किया कि यदि उन्होंने यथाशीघ्र छात्र संघ चुनावों की तारीख घोषित नहीं की तो वह स्वयं अनशन पर बैठेंगे। दूसरी ओर डा.डालाकोटी ने छात्रों से आत्मदाह जैसे प्रयासों से दूर रहने का अनुरोध किया।

### सड़क दुर्घटनाओं को अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही के निर्देश

**भवाली/नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद में अपराध/ सड़क दुर्घटनाओं को अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रभावी चेकिंग कर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के क्रम में सघन चैकिंग अभियान में वरिष्ठ उप निरीक्षक भवाली प्रेम विश्वकर्मा के नेतृत्व में चौकी खैरना पुलिस टीम द्वारा खैरना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान एक पिकअप चालक दीप सिंह नेगी (37) पुत्र राम सिंह नेगी निवासी ग्राम जाख चौकी खैरना थाना भवाली जिला नैनीताल द्वारा अपने वाहन संख्या यूके04टीबी- 7426 पिकअप वाहन को नशे शराब में मदहोश होकर लहराते हुये चलाये जाने पर चैकिंग टीम द्वारा खैरना बाजार में रोककर एल्कोमीटर से चैक कर मेडिकल परीक्षण कराकर अन्तर्गत एमवीएक्ट में गिरफ्तार किया गया तथा वाहन को सीज कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रेषित किया गया।

### पटाखों की दुकानों के समीप फायर टेंडर रखे

**नैनीताल।** दीपावली पर्व के चलते शहर में 40 पटाखों की दुकानें लग चुकी हैं। अग्निशमन विभाग ने दिशा निर्देश पर पटाखों की दुकानों के समीप फायर टेंडर भी रखे गए हैं। दीपावली के चलते मंगलवार को नगर मं पटाखों की दुकानें लग चुकी हैं। इस दौरान तल्लीताल में 08 दुकाने तो मल्लीताल डीएसए मैदान में 32 पटाखे की दुकाने लगाई गई हैं। दुकानें लगने के बाद अग्निशमन विभाग की ओर से क्षेत्र में निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। इस दौरान एफएसओ किशोर उपाध्याय ने बताया कि पटाखे की दुकान लगाने वालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। तल्लीताल व मल्लीताल में एक एक फायर टेंडर तैनात किए गए हैं। वहीं बाजार क्षेत्र में भी एक फायर टेंडर रखा गया है। इसके अलावा भवाली व भीमताल में भी फायर टेंडर तैनात हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आकृति सोसायटी द्वारा आयोजित दीपावली मेला 2024 के द्वितीय दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आकृति सोसायटी द्वारा आयोजित मेले के द्वितीय दिवस का शुभारंभ कालाढूंगी के विधायक बंशीधर भगत ,निवर्तमान मेयर जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला ,प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण इकाई कुसुमखेड़ा के अध्यक्ष पवन जोशी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पीयुष डालाकोटी ,प्राचीन शिव सेवा समिति के संयोजक हरिमोहन अरोड़ा व्यापार मंडल युवा जिला महामंत्री शिव कपूरजी,विशम्भर कांडपाल उमेश बिनवाल मनीष अग्रवाल, नागेश दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में सांस्कृतिक विभाग देहरादून से आया दल हिमालय कला केंद्र की टीम , के दल नायक शेर सिंह दानु, और सुप्रसिद्ध गायक राकेश जोशी के नेतृत्व में रंगारंग कार्यक्रम से समा बाँधा। समापन दिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित हुए और पवन जोशी की ओर से उनको नगद पुरस्कार दिये।

आकृति सोसायटी की अध्यक्ष कुसुम दिगारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का ,मेले में आये व्यापारियों का, जजफार्म की सम्मनित जनता जनार्दन का आभार व्यक्त कर मेले को सफल बनाने पर धन्यवाद प्रेषित किया।कार्यक्रम में हेमा हरबोला, मंजू पांडे उदिता, नीमा डालाकोटी, शांति जीना, शर्मिला मित्रा, ममता बिस्ट, गीता बिस्ट, भगवती बिस्ट, गरिमा शर्मा, डॉ नीरज वार्ष्णेय, अमित भारद्वाज, शोभा बिनवाल, हिमानी पंत, कोमल कार्की, तनिष्का राठौर कर्णवीर दिगारी, अर्जिता सिंह उर्वशी बोरा, आदि सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा किया गया।

# अभिमत

## आस्था सर्वोपरि

*सनातनियों के पंचांग पर पश्चिमी देशों के गणितज्ञ तथा वैज्ञानिक भी विश्वास करते हैं, परन्तु अफसोस यह है कि तथाकथित बुद्धिजीवी पंचांग बेचने के लिए अलग-अलग तिथि को त्योहार मानने के तर्क दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर धनवान बनने के लिए उल्लू की बलि तथा तांत्रिक कृत्य करने की बात कही जाती है। वन विभाग को उल्लू की सुरक्षा के लिए हर साल कदम उठाने पड़ते हैं। ज्योतिषाचार्य आह्वान करें कि किसी जीव की बलि से लक्ष्मी प्रसन्न नहीं होंगी, बल्कि श्राप मिलेगा। सारे भ्रम दूर कर हम सब स्वविवेक, आस्था व भक्ति के साथ लक्ष्मी पूजन करें। अटूट आस्था से देवी-देवता का वरदान मिलता है।*

सनातन धर्मावलंबियों को किसी दूसरे समुदाय अथवा मिशनरी से उतना खतरा नहीं है, जितना खुद उसके कथित बुद्धिजीवी नुकसान पहुंचा रहे हैं। त्योहारों को लेकर विवाद आत्मघाती साबित हो रहा है। दीपावली की तिथि को लेकर ज्योतिषाचार्य आपस में भिड़ गये। सोशल मीडिया के युग में अफवाह फैलाना आसान हो गया है। कुछ वर्षों से हिन्दुओं के त्योहार दो दिन मनाये जाने लगे हैं। वैवाहिक जीवन के महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ को मखौल बना दिया गया है। हास्यास्पद कार्टून जारी कर भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। अखंड सौभाग्यवती की कामना करते हुए सुहागिन करवा चौथ का निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य देकर अन्न-जल ग्रहण करती हैं। सोशल मीडिया पर पति को लक्ष्मी का वाहन उल्लू बताकर आस्था को ठेस पहुंचाने वाले कोई दूसरे समुदाय के नहीं, बल्कि हिन्दू हैं। यदि इस तरह समुदाय विशेष पर कोई टिप्पणी कर देता तो फतवा जारी कर दिया जाता। सलमान रुश्दी व तस्लीमा नसरीन इसके उदाहरण हैं। सनातन धर्मग्रंथों में चार युग-सतयुग, त्रेता, द्वापर और वर्तमान में कलयुग कितने लाख वर्ष के हैं और भविष्य में क्या-क्या होगा, यह जानकारी विस्तार से दी गई है। एक धर्म के अनुयायी मात्र 2024 वर्ष से निश्चित तारीख को बड़ा दिन मना रहे हैं और समुदाय विशेष का इतिहास करीब 14 सौ साल का है। सनातन ऋषि-मुनि लाखों साल पहले सृष्टि, ब्रह्मांड, प्रकृति, वनस्पति, जीव-जंतु के बारे में अनेक ग्रंथों में दे चुके हैं। वेदव्यास, रामानुजम, आर्यभट्ट, गुरु वृहस्पति, शुक्राचार्य सारी जानकारी और भविष्यवाणी कर चुके हैं। सनातन धर्मग्रंथों की भविष्यवाणी सत्य सिद्ध हो रही है। मुगल हमलावरों ने भारत में धर्मांतरण कराया तथा सनातनियों की हत्या करके शासन किया। इसके बाद ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौर में सनातन शिक्षा तथा धर्म को बर्बाद करने की मुहिम छेड़ी गई। भारत के धर्मग्रंथ विदेश ले जाकर उनकी जानकारी को नया शोध व आविष्कार के नाम पर विद्वता दिखाई जा रही है, जबकि सनातन धर्म में वह सब सामान्य है। सनातनियों के पंचांग पर पश्चिमी देशों के गणितज्ञ तथा वैज्ञानिक भी विश्वास करते हैं, परन्तु अफसोस यह है कि तथाकथित बुद्धिजीवी पंचांग बेचने के लिए अलग-अलग तिथि को त्योहार मानने के तर्क दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर धनवान बनने के लिए उल्लू की बलि तथा तांत्रिक कृत्य करने की बात कही जाती है। वन विभाग को उल्लू की सुरक्षा के लिए हर साल कदम उठाने पड़ते हैं। ज्योतिषाचार्य आह्वान करें कि किसी जीव की बलि से लक्ष्मी प्रसन्न नहीं होंगी, बल्कि श्राप मिलेगा। सारे भ्रम दूर कर हम सब स्वविवेक, आस्था व भक्ति के साथ लक्ष्मी पूजन करें। अटूट आस्था से देवी-देवता का वरदान मिलता है।

# राज्य स्थापना सप्ताह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



**आयोजन**
- राज्य स्तर तथा जनपद स्तर पर भव्य आयोजन

सूबे की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राज्य स्थापना सप्ताह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का राज्य स्तर तथा जनपद स्तर पर भव्य आयोजन किया जाना है।

कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार दीपक रावत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित रहे। उन्होंने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को अवगत कराया कि जनपद नैनीताल में राज्य स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाये जाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि इस वर्ष उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना के 24 वर्ष पूरे हो जाएंगे तथा 25वीं रजत जयन्ती की शुरूआत हो जाएगी इसलिए प्रदेशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप उत्तराखंड के जनमानस तथा अन्य प्रदेशों व विदेश में रहने वाले प्रवासियों तथा उत्तराखंड के विकास में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदार बनने वाले सभी लोगों को देवभूमि रजतोत्सव में भागीदार बनाया जाए। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस 9 नवम्बर 2024 से अगले वर्ष 9 नवम्बर 2025 तक पूरे वर्ष मनाये जाने वाले देवभूमि रजतोत्सव की शुरूआत भी हो जाएगी।

बताया कि इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का आयोजन लगभग 6 नवम्बर से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक किये जाने का प्रस्ताव है जिसकी शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखण्ड सदन के शुभारम्भ दिल्ली में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखण्ड मूल के अधिकारियों तथा कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से आयोजित किया जाना है। इसके अगले क्रम में प्रवासी उत्तराखण्ड सम्मेलन के आयोजन तथा भव्य खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महिला सशक्तिकरण की थीम पर विशेष उत्सवों का आयोजन तथा जरूरतमंदों के लिए बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन, मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का अयोजन तथा दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम, विभिन्न सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य आन्दोलनकारियों व शहीदों की गौरवगाथा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 24 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों एवं विकास की सम्भावनाओं पर स्कूल व कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने साल भर आयोजित होने वाले देवभूमि रजतोत्सव प्रदेश के सभी वर्गों, विशेषरूप से महिलाओं, स्कूली बच्चों व युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने मण्डल स्तर तथा जिला स्तर पर भी राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से आयोजित किए जाने हेतु विशेष तैयारियों के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव विनय शंकर पांडे, दीपेंद्र कुमार चौधरी सहित सभी जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

## कार खाई में गिरी तीन लोग घायल

**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में मंगलवार को बल्दियाखान के समीप एक कार खाई में गिर गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर कार सवार तीन घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल क्षेत्र निवासी तीन युवक यूके 04 एबी 9039 कार से हल्द्वानी को जा रहे थे, अपराह्न में करीब पौने तीन बजे वह कार से बल्दियाखान के समीप पहुंचे ही थे कि उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना के बाद नैनीताल से मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर खाई से निकाल लिया। युवकों की हालत गंभीर होने पर उनको हल्द्वानी कृष्णा अस्पताल भिजवाया दिया है। सीओ प्रमोद साह तथा एसओ रमेश बोहरा व ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज मौके पर टीम के साथ रेस्क्यू में जुटे रहे। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि कार सवार घायल तल्लीताल धोबीघाट निवासी अंचन, करण चौधरी व अमन थे, फि लहाल सभी की हालत सही है।

# अब मिली इंडिगो की दो फ्लाइटों में बम होने की धमकी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



एयरपोर्ट पर बीएटीएस टीम द्वारा बम की धमकी को नॉन स्पेसिफिक थ्रेट घोषित करने के बाद जांच आदि कर पैसेंजरों को आगे रवाना किया गया।

देहरादून एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइटों में बम होने की धमकी देने का सिलसिला थम नहीं रहा। एक माह में चौथी बार मंगलवार को इंडिगो की दो अलग अलग शहरों की फ्लाइटों में बम होने की धमकी दी गई। जिसे नॉन स्पेसिफिक थ्रेट घोषित कर तीनों फ्लाइटों की सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की। जांच में कोई बम नहीं पाया गया। जिसके बाद तीनों फ्लाइटों ने अपने संबंधित शहरों के उड़ान भरी। मंगलवार शाम करीब 5:40 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक्स के माध्यम से लखनऊ से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट 6ई 618 और मुंबई से जौलीग्रांट आने वाली 6ई 953 शामिल थी। जिसमें लखनऊ से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट 6ई 618 जौलीग्रांट पहुंचने के बाद बम की सूचना मिलने तक 177 हवाई यात्रियों को लेकर लखनऊ के लिए उड़ान भर चुकी थी। मुंबई से जौलीग्रांट आने वाली फ्लाइट संख्या 6ई953 शाम 6ः17 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची। जिसमें फ्लाइट में 177 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट पर बीएटीएस टीम द्वारा बम की धमकी को नॉन स्पेसिफिक थ्रेट घोषित करने के बाद जांच आदि कर पैसेंजरों को आगे रवाना किया गया। फ्लाइट की जांच में सीआईएसएफ, बीडीडीएस टीम को जांच में कोई बम नही मिला। देहरादून एयरपोर्ट पर अक्टूबर माह में अब तक चौथी बार फ्लाइटों में बम होने की धमकी दी गई है। 15 अक्तूबर को एलाइंस एअर के विमान में, 22 अक्टूबर को इंडिगो के विमान में, सोमवार को तीसरी बार विस्तारा के कुल तीन विमानों में और मंगलवार को इंडिगो के दो विमानों में एक्स से बम की धमकी दी गई है। पिछली तीनों धमकियों को लेकर डोईवाला पुलिस में मुकदमें भी दर्ज किए जा चुके हैं।

# फिल्मी दुनिया

## विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन को दी रिलेशनशिप की सलाह



*अभिनेत्री विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन को रिलेशनशिप को लेकर सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी सिंगल हैं वो जल्द ही रिलेशनशिप में आ जाएं। अभिनेता कार्तिक आर्यन और विद्या बालन पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। फिल्म %भूल भुलैया 3% में दोनों सितारों को साथ देखने के लिए प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सितारे अपनी फिल्म के प्रमोशनल को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इसी दौरान विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन की प्रेम कहानी को जगजाहिर कर दिया था। न्यूज 18 से बातचीत के दौरान विद्या बालन ने कहा कि अगर कोई कहता है कि उन्हें अटेंशन पसंद नहीं है, तो ये झूठ है बिल्कुल झूठ। ऐसी बातें अगर अभिनेता कहें, खासकर कार्तिक आर्यन। ये तो बिल्कुल ही झूठ है। ऐसा कहने के बाद विद्या बालन हंसने लगीं। कार्तिक आर्यन इसे बिल्कुल एंजॉय करेंगे। खास कर अटेंशन महिला की ओर से मिले तो जरूर। इस पर कार्तिक आर्यन ने कहा कि मैंने कब कहा कि मुझे अटेंशन नहीं पसंद। मुझे तो पसंद है, भले ही महिलाओं से मिले या पुरुषों से। कार्तिक आर्यन के जवाब पर विद्या ने कहा कि चलो इससे कार्तिक आर्यन ने हिंट तो दे दिया कि वो सिंगल हैं। बहुत बढ़िया, अब उन्होंने दरवाजे खोल दिए हैं। मैं उन्हें सिर्फ यही सलाह देना चाहूंगी कि वे रिलेशनशिप में आएं और अपने जीवनसाथी को पाएं। 28 अक्टूबर को उन्हें हावड़ा ब्रिज पर कोलकाता की मशहूर पीली टैक्सी के ऊपर और बाद में कालीघाट मंदिर में फिल्म का प्रचार करते हुए देखा गया था।*

### सेट पर फोन में बिजी रहते कार्तिक

*कपिल शर्मा शो के प्रोमो में विद्या ने सबको बताया कि यह जब भूल भुलैया-3 की शूटिंग हमारे साथ कर रहा था तो बीच-बीच में फोन पर व्यस्त हो जाता। इस दौरान किसी को लव यू, मी टू कहता रहता। इससे हमें इनकी प्रेमिका के बारे में पता चला। विद्या ने कार्तिक की तरफ देखकर कहा- क्या है उसका नाम।*

# बायो मेडिकल का निस्तारण न करने पर क्लीनिक सीज

**काशीपुर**

**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**
- सिंगल यूज प्लास्टिक को बरामद कर पांच हजार रुपये का जुर्माना

नगर आयुक्त विवेक राय के निर्देश पर कूड़ा-करचा सड़क किनारे फेंकने और प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने बायो मेडिकल का नियमानुसार निस्तारण नहीं करने पर एक क्लीनिक को सीज कर दिया।

मंगलवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। बाजपुर रोड डिग्री कॉलेज के पास डॉ. अरुण राणा के क्लीनिक में छापा मारा। यहां पर बायो मेडिकल बेस्ट का नियमानुसार निस्तारण नहीं किया जा रहा है और कूड़ा जलाया जा रहा था। टीम ने क्लीनिक को सीज कर पांच हजार रुपये का जुर्माना किया। इसके अलावा टीम ने 280 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक को बरामद कर पांच हजार रुपये का जुर्माना किया। वहीं केलाखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार शाम दो अस्पतालों की जांच की। सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता ने टीम के साथ एक क्लीनिक सहित दो अस्पतालों पर औचक छापामारा। एक अस्पताल का पंजीकरण नहीं मिला। दूसरे अस्पताल में क्लीनिक बोर्ड लगाकर अस्पताल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सीएमएस ने बताया कि जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है।

## News कॉर्नर

### थम नहीं रहा सरकारी संपत्ति पर कब्जे का निर्माण कार्य

**नैनीताल ।** शहर में सरकारी संपत्ति पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने का सिलसिला नहीं थम रहा। शहर के अंडा मार्केट क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति की ओर से अवैध निर्माण करवाया जा रहा था। पालिका टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। मामले में नगर पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि अंडा मार्केट क्षेत्र में निवासरत महिला की ओर से अवैध निर्माण कराने की सूचना मिल रही थी। विभागीय टीम को मंगलवार को मौके पर भेजा तो पाया कि दो भवनों के बीच निर्माण कार्य किया जा रहा है। टीम ने तत्काल कार्य रुकवाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया है। इस अवसर पर पालिका के अवर अभियंता बिपिन चंद्र पुरोहित समेत शाहिद कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

### आमपड़ाव क्षेत्र में पलटा कूड़ा वाहन

**नैनीताल।** शहर के आमपड़ाव क्षेत्र में कूड़ा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि वाहन चालक व सवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहन सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर भवाली पालिका का कूड़ा वाहन कूड़ा लेकर हल्द्वानी की ओर जा रहा था। आमपड़ाव क्षेत्र में मोड़ पर अचानक वाहन अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गया। जिससे सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची ज्योलीकोट पुलिस ने वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही चालक मौके से जा चुका था।

# नैनीताल बैंक ने ग्राहकों के लिए नए उत्पादों के विषय में दी जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल बैंक के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को बैंक के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता की जिसमें बैंक के अर्धवार्षिक परिणामों और ग्राहकों के लिए नए उत्पादों के विषय में जानकारी प्रदान की। इस दौरान सीएफओ महेश कुमार गोयल ने बताया कि ग्राहकों के लिए कंसर हैल्थ केयर के लिए नई स्कीम शुरू की है जिसमें न्यूनतम दर पर 10 लाख तक का कवरेज देते हैं 15 सौ रूपए वार्षिक आधार पर। साइबर अटेक के बारे में आरबीआई की गाइड लाइन के अनुसार नैनीताल बैंक ने अपने खातों की सुरक्षा को और भी बढ़ाया है और आरबीआई की गाइड लाइन के तहत बैंक सुरक्षा मानकों में काम कर रहा है। बैंक ने भरोसा दिलाया है कि अपने ग्राहकों के खातों की सुरक्षा कड़ी की गई है। साथ ही मुख्य मापदंडों पर 30 सितम्बर 2024 तक बैंक की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं। बैंक ने वार्षिक आधार पर कुल जमा में 3.153प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। खुदरा अग्रिम से बैंक ने वार्षिक आधार पर 7.51प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।, सकल अग्रिम में बैंकने वार्षिक आधार पर 3.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।, वार्षिक आधार पर बैंक के कुल व्यापार में 3.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 30 सितम्बर 2024 को 3.34 प्रतिशत हो गया है।, बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 30सितम्बर 2024 को 44.82 करोड़ हो गया है।, बैंक का नेट एनपीए 30 प्रतिशत 2023 को 1.77 प्रतियोगिता से घटकर 30 सितम्बर को 0.95 प्रतिशत रह गया है।, बैंक का प्रोविजन कवरेज अनुपात 30सितम्बर 2023 को 81.34 प्रतिशत से बढ़कर 30सितम्बर 2024 को 89.20 प्रतिशत हो गया है। बैंक का सीआरएआर 16.48 प्रतिशत है।

### बैंक के विकास को पहलुओं को अपनाया है

अपने ग्राहकों के लिए केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के साथ मिलकर नैनीताल बैंक ने बहुत ही सस्ती दरों पर केयर कैंसर हेल्थ पालिसी शुरू की है जिसमे केवल 1500 रूपये के सालाना प्रीमियम पर 10 लाख का कवरेज प्रदान किया जा रहा है। अपने ग्राहकों की सुविधाओं के लिए एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज के साथ मिलकर 3-इन-1 खाता (डीमैट, ट्रेडिंग, और बचत) बैंक ने लांच किया है। ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक ने 2 नई सावधि जमा योजनाएं 300 दिन नैनी मानसून धमाका जिसके तहत ग्राहकों को 7 प्रतिशत ब्याज दर तथा नैनी 725 दिन जिसमे 7.25 प्रतिशत के आकर्षक ब्याज दर प्रदान किया जाता है। बैंक ने केंद्र सरकार की प्रचलित स्कीम अटल पेंशन योजना के तहत दिए गए लक्ष्य का 257 प्रतिशत प्राप्त कर मेगा माइल स्टोन अवार्ड 2024 के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान वाइस प्रेसिडेंट राहुल प्रधान, हेड प्लानिंग राजेश भट्ट मौजूद रहे।

# दिल्ली रूट पर बीएस-6 मॉडल रोडवेज की बस का संचालन शुरू

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

दिल्ली रूट पर रोडवेज की बीएस-6 मॉडल की नई बस का संचालन शुरू हुआ। पहले दिन अल्मोड़ा स्टेशन से बस में 15 यात्री रवाना हुए। नई बस के संचालन होने पर यात्रियों ने राहत महसूस की।

रोडवेज डिपो अल्मोड़ा के बेडे में बीएस-6 मॉडल की दो नई बसे शामिल हुई थीं। धनतेरस पर मंगलवार की सुबह नई बस को चितई स्थित ग्वल देवता मंदिर में ले जाया गया। वहां पर रोडवज डिपो के फोरमैन सुरेश नेगी, हरीश रावत, राजकुमार, प्रदीप टम्टा आदि ने पूजा अर्चना की। शाम को निर्धारित समय पर रोडवेज स्टेशन से बस दिल्ली को संचालित हुई। पहले दिन नई बस में 15 यात्री रवाना हुए। बस में सवार मोहन जोशी ने बताया



कि नई बस के संचालन होने से राहत महसूस कर रहे हैं। संगीता कुमारी ने बताया कि दिल्ली रूट पर अब सफर में दिक्कतें नहीं होंगी रोडवेज के सहायक महाप्रबंधक विजय तिवारी ने बताया कि दिवाली पर यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। बीएस-6 मॉडल की दूसरी बस का भी जल्द दिल्ली रूट पर संचालन किया जाएगा।

### दिल्ली रूट पर दो अतिरिक्त बसें चलीं

**अल्मोड़ा।** दिवाली करीब आते ही दिल्ली रूट पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। मंगलवार को यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अल्मोड़ा- दिल्ली रूट पर दो अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। इससे यात्रियों को राहत मिली।

*स्टेशन प्रभारी मोहन राम, रोडवेज स्टेशन अल्मोड़ा ने बताया कि बीएस-6 मॉडल की बस का दिल्ली रूट पर संचालन शुरू हो गया है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जा रहा है।*

# गेस्ट हाउस निर्माण का सीएम से किया अनुरोध

**पिथौरागढ़**

हमारे संवाददाता

जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नैनीसैनी से दिल्ली के लिए हवाई सेवा और आदि कैलाश आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए मार्ग में गेस्ट हाउस का निर्माण करने का अनुरोध किया।

मंगलवार को देहरादून में जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा और भाजपा नेता वीरेंद्र बोरा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मांगों से संबंधित पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ भ्रमण के बाद आदि कैलाश दर्शन को बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। ऐसे में आदि कैलाश और नाभीढांग में गेस्ट हाउस निर्माण किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने मार्ग पर गेस्ट हाउस बनाने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने पिथौरागढ़-दिल्ली हवाई सेवा जल्दी सुचारू करने और मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर भी वार्ता की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से सभी मामलों को लेकर आश्वासन दिया गया है।



# आर्यन स्कूल में 24वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया



**देहरादून**

हमारे संवाददाता

नैनीताल, आर्यन स्कूल में मंगलवार को 24वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद,रिसर्च एंड डेवलपमेंट विशेषज्ञय व मीडिया एवं कम्यूनिकेशन एक्सपर्ट डॉ. कंचन नेगी रही। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन के साथ किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर, अली बाबा चालीस चोर का नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी।

आर्यन स्टार्स डॉलीसना देवी व अंश वर्मा, आर्यन स्पिरिट का खिताब मिला माहिर सोइन को, वहीं स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर प्राप्त हुआ नेल्सन श्रेष्ठा को। वही डॉ. कंचन नेगी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहा कि। डॉ . कंचन नेगी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का माप केवल अंकों से नहीं होता बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण कड़ी मेहनत और मानसिक मजबूती से तय होती है। डॉ. कंचन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में अभिभावकों को एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्हें उनके अपने सपने देखने और जीने दें। आपकी भूमिका मार्गदर्शक की है दबाव डालने की नहीं। हर बच्चा अपने आप में खास है और उसे उसकी क्षमताओं के अनुसार विकसित होने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा का सही उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी साथ ही बताया कि आत्मविश्वास और संकल्प से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

### राजेश ने जीता राष्ट्रीय खेलकूद में स्वर्ण

**रुद्रपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र राजेश खनी ने राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती की ओर से आयोजित 35वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्य प्रदेश के सतना में पांच हजार मीटर पैदल दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को प्रधानाचार्य कैलाशचंद्र त्रिपाठी आदि ने राजेश खनी का स्वागत किया।

# ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ में अक्षय पहले स्थान पर

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

जीआईसी बाड़ेछीना के खेल मैदान में आयोजित तीन दिनी ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। 5000 मीटर दौड़ में अक्षय सिंह खनी, कमल नेगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय रहे।

400 मीटर दौड़ में निधि मेहता, भावना आर्या, महिला सुयाल ने क्रमश पहला, दूसरा, तीसरा स्थान पाया। चक्का फेंक प्रतियोगिता के बालक वर्ग में विनोद सिंह गैड़ा,



मोहित कुमार, बालिका वर्ग में प्रीति मेहरा, रश्मि आर्या, क्रमशः प्रथम, द्वितीय रहे। गोला फेंक में प्रीति मेहरा प्रथम, महिमा सुप्याल द्वितीय रहीं। वॉलीबाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पल्यू, लिंगुणता, पांडेतोली क्रमश पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में ग्राम पंचायत पल्यू प्रथम, पांडेतोली द्वितीय रहा। वहां प्रधानाचार्य गिरिजेश कुमार तिवारी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या प्रीति पंत, खेल समन्वयक गणेश शाही, संजय कुमार, किरन पाटनी, नरेश चन्याल, पंकज भट्ट, कमल भंडारी, मनमोहन सिंह, गिरीश बिष्ट, प्रदीप राणा, त्रिभुवन मेर, चारू तिवारी आदि थे।

# बिजी बीज़ स्कूल हल्द्वानी में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जज फार्म स्थित बिजी बीज़ स्कूल में दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसमें अभिभावक, छात्रों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी-गणेश पूजन और प्रार्थना के साथ हुआ स्कूल निदेशक रश्मि रौतेला ने गण्यमान्य अतिथियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करते हुए मेले का शुभारम्भ किया।




इस दौरान छात्रों की ओर से दी गई अद्भुत प्रस्तुतियों ने अंधेरे पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की भावना का सन्देश दिया कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने शानदार धुनों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत करके मेले का आकर्षण और भी बढ़ा दिया। इस आयोजन में अभिभावकों के लिए विशेष स्टेज गेम्स भी रखे गए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डा प्रवींद्र कुमार रौतेला, सुरेश रौतेला, महिपाल रौतेला, ओम पाल रौतेला,महेश जोशी,अकेडमिक कोर्डिनेटर बी बी जोशी, कॉर्डिनेटर प्रदीप मित्रा,एस सी मिश्रा, अश्वनी सारस्वत,तुलिका रस्तोगी, अनिका वर्मा, एस एस कपकोटी, दीपक जोशी, मनीषा जोशी, गीता कर्णाटक, मंजरी मेहरा,स्नेहा भट्ट,नीमा पाण्डेय, सारिका मेसी,मंजू जोशी, गरिमा लोहनी,गरिमा सेठी, हेमा तिवारी, दशमीत कौर, गुरनीत कौर,प्रभा रजवार,आई डी जोशी, नन्द किशोर, मनीषा गुप्ता,रीना आर्य,लीला रावत, ज्योत्सना आर्य,प्रिया जोशी,वर्षा सहदेव,श्रद्धा रौतेला,शेखर पंत आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।